अभियान

# चुप्पी तोड़-मासिक माहवारी स्वच्छता अभियान प्रारंभ

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. जावरा में विश्व महामारी स्वच्छता दिवस पर मारुति शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति (मासिक) व मेरा गांव मेरी दुनिया ने 15 दिवसीय चुप्पी तोड़ पखवाड़े की शुरुआत जावरा व ताल जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में की। प्रथम चरण में दोनों जनपद के 30 गांवों का चयन किया गया है। समिति के स्वयंसेवकों के माध्यम से 2 हजार सेनेटरी पैड के पैकेट का वितरण किया जाएगा। साथ ही लाभान्वित महिला व बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा।

इस अभियान के दौरान कोरोना पीड़ित परिवारों को आक्सीमीटर व थर्मल स्कैनर भी प्रदान किया जाएगा। मारुति शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति की सचिव अंकिता ठाकुर ने चुप्पी तोड़-मासिक महामारी स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हर साल विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को इसके प्रति जागरूक करना। इन 5 दिनों में उन्हें साफ सफाई और सुरक्षा की दृष्टि से जागरूक करना। इस पखवाड़े के तहत अंधविश्वास को तोड़ना, माहवारी के दौरान आहार-विहार का ज्ञान प्रदान करना, सैनेटरी पैड के इस्तेमाल हेतु जागरूकता लाना, एनीमिया की रोकथाम हेतु प्रयास करना और कोरोना वैक्सीनेशन हेतु ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करना शामिल है। हाटपिपलिया व अर्जला गांव से की गई। इस दौरान समिति के स्वयंसेवक आरती पोरवाल, क्षरनावली पांचाल, सपना कुंवर, ज्योति राणा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

पत्रिका 3/5/21

# बावड़ी में चलाया स्वच्छता अभियान, भाजपा ने मनाया जश्न



रतलाम. केंद्र सरकार के सात वर्ष होने पर रविवार को रविवार को वार्ड क्रमांक 33 शास्त्री नगर, शिव मंदिर परिसर, साई बाबा मंदिर के पास, प्राचीन बावड़ी की बारिश के पूर्व साफ सफाई की जा रही है। जिससे कि पानी स्वच्छ रखें, भू-जल स्तर बढे तथा जनता से अपील की जा रही है कि हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम लगाये जिससे कि घर के स्वयं का बोरवेल रिचार्ज हो सके। मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में केंद्रीय भाजपा सरकार के 7 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। पूर्व महापौर शैलेंद्र जी डागा, भाजपा वार्ड 33 के अध्यक्ष संतोष कोलंबेकर, स्थानीय निवासी अमित रायकवार, रवि मालपानी, आशुतोष चौहान,अंशुल एरन, जितेंद्र गुरनानी, राम पंडित आदि उपस्थित थे।

**पाबंदी से छूट ... हार्डवेयर, बिल्डिंग मटेरियल, इलेक्ट्रिकल दुकानें हफ्ते में 2 दिन खुलेंगी**

# कल से प्रदेश होगा अनलॉक: शनिवार रविवार कर्फ्यू, 5 दिन खुलेंगी दुकानें

## शादी-विवाह में दोनों पक्षों से शामिल हो सकेंगे 10-10 लोग, मंदिर में सिर्फ 4 लोग

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425078939

राजधानी समेत पूरे प्रदेश में 1 जून से अनलॉक शुरू हो रहा है। गृह विभाग ने शनिवार को इस संबंध में गाइडलाइन सभी जिलों को भेज दी हैं। इसके तहत 5 फीसदी से अधिक वाले जिलों में रियायतें कम रहेंगी, जबकि इससे कम संक्रमण वाले जिलों में अधिक छूट मिलेगी।

भोपाल में संक्रमण की दर 5 प्रतिशत से अधिक है। इसलिए यहां पाबंदी थोड़ी अधिक रहेगी। रविवार को जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक में तय किया गया कि यहां शुक्रवार रात 10 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक लॉकडाउन रहेगा। बाकी दिनों में कामकाज चालू रह सकेगा। इस दौरान शादी-विवाह में दोनों पक्षों से 10-10 लोग ही शामिल हो सकेंगे। इस आशय का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।



मंत्रालय में जिला क्राइसिस कमेटी की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

### 100 प्रतिशत रहेगी अधिकारियों की उपस्थिति

एक जून से सभी शासकीय कार्यालयों में 100 प्रतिशत अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जीएडी द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि अत्यावश्यक सेवाएं देने वाले कार्यालयों को छोडकर शेष कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किए जाएंगे। ये निर्देश 15 जून तक प्रभावशील रहेंगे। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

### इन प्रस्तावों पर आज लगेगी अंतिम मुहर

- किराना, दवा, सब्जी, फल, राशन दुकानें रोज खुलेंगी।
- हार्डवेयर, बिल्डिंग मटेरियल, इलेक्ट्रिकल दुकानें हफ्ते में दो दिन खोलने पर निर्णय हुआ है।
- निजी दफ्तरों में 50 प्रतिशत कर्मचारी काम करेंगे।
- होटल और रेस्टोरेंट में सिर्फ टेक होम की सुविधा रहेगी।
- कंस्ट्रक्शन के काम होंगे, लेकिन मजदूरों को ठहरने की व्यवस्था करनी होगी।
- कार-टैक्सी में ड्राइवर सहित 3 लोग की बैठ सकेंगे।

### ये पूरी तरह बंद

- स्कूल-कॉलेज, सिनेमा हॉल व शॉपिंग मॉल बंद रहेंगे।
- मंदिरों में 4 से ज्यादा लोगों को दर्शन की अनुमति नहीं।
- अंतिम संस्कार में 10 लोग और शादियों में दोनों पक्षों से 20 लोग शामिल होंगे।

सरकार ने 5% से ज्यादा संक्रमण वाले जिलों में की जो गाइडलाइन जारी की है, यह उसके तहत है।

### इन पर भी रोक

- स्कूल, कोचिंग, स्विमिंग पूल, थिएटर, पिकनिक स्पॉट, ऑडिटोरियम।
- सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक आयोजन, मनोरंजन, सांस्कृति, ट्रेनिंग गेम्स, मेले।

पीपुल्स समाचार
31/5/21

# शहर में भीड़ पर नियंत्रण के लिए 40 दल रखेंगे नजर

## अनलाक से पहले प्रशासन की तैयारी, आज जारी होगी गाइडलाइन, कलेक्टर ने दिए मुस्तैदी से कार्य के निर्देश

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। एक जून से जिले को अनलाक करने की तैयारी शुरू हो गई है। जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में शनिवार को निर्णयों के बाद अभी ज्यादा छूट नहीं दी जा रही है। आज विस्तृत आदेश जारी होंगे। अनलाक के बाद बाजार में भीड़ बढ़ने पर सभी अधिकारियों को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

रविवार को कलेक्टर ने एक जून से कोरोना कर्फ्यू में दी जाने वाली छूट को लेकर जिले के अधिकारियों को वीसी के माध्यम से निर्देशित किया कि कोरोना संक्रमण का प्रसार नहीं हो। किसी भी स्थान पर भीड़ एकत्रित नहीं हो। रतलाम शहर में इसके लिए 40 दल बनाए जाएंगे जो निगरानी का कार्य करेंगे। एसपी गौरव तिवारी ने भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन शारीरिक दूरी नहीं रखने, मास्क नहीं पहनने वालों पर कार्रवाई की जाना है। आदेशों का अक्षरशः पालन करवाया जाए।

**खाद बीज की दुकानें खुलेंगी**

जिले में खाद-बीज की दुकानें एक जून से शासन की गाइड लाइन अनुसार खुलेंगी। रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा ने जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को संकट प्रबंधन समूह की बैठक में बताया था कि बारिश शुरू होने से पहले किसानों को अपने खेत में फसल बोने के लिए खाद- बीज की आवश्यकता होगी। इसके बाद मंत्री देवड़ा ने उन्हें दुकानें खुलवाने के लिए आश्वस्त किया।



शहर के चौराहा पर कोरोना काल में सेवाएं देते हुए समिति सदस्य। • नईदुनिया

### दो महीने का टैक्स माफ होगा तो ही चलाएंगे बसें

अनलाक के बाद कोरोना गाइडलाइन में बसों के संचालन को लेकर इंदौर और उज्जैन संभाग के वरिष्ठ बस मालिकों की बैठक रविवार को घाटा बिल्लौद में हुई। उज्जैन संभाग अध्यक्ष गोविंद बाहेती के मार्ग दर्शन में रतलाम जिला बस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह गुर्जर के नेतृत्व में संचालक शामिल हुए।

बैठक में तय किया गया कि दो माह का टैक्स शासन जब तक माफ नहीं करता तब तक बसों का संचालन नहीं किया जाएगा। बैठक में राम गोपाल राठी, श्यामलाल टांक, चंचल बाहेती, अनिल कोठारी, मनीष जैन, हरीश पुरोहित, विकास अग्रवाल, ओमप्रकाश दाधिच, पंकज उदियाल, सौरभ कोठारी, अमित राठी, मुन्ना भाई शेरानी, भारत सिंह राठौर, सुनील टांक, रवि धोरमा आदि मौजूद थे।

**कार्यालय आएंगे 100 प्रतिशत अधिकारी**

राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक जून 2021 से सभी शासकीय कार्यालयों में शत-प्रतिशत अधिकारी उपस्थित रहेंगे। अत्यावश्यक सेवा देने वाले कार्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किये जाएंगे।





कई परिवार के लोग संक्रमित हुए है। इसके बावजूद आज कई लोग गाइड लाइन का पालन नहीं कर रहे है। पुलिस व प्रशासन को पालन करवाने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। - सुरेश भंडारी, इलेक्ट्रिक व्यवसायी, आलोट



प्रशासन संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए प्रतिदिन सड़कों पर उतर कर चालानी कार्रवाई कर लोगों को समझाइश दे रहा है। बेवजह हमें घर से नहीं निकलना है। बचाव के लिए सावधानी जरूरी है। - संतोष चत्तर, कपड़ा व्यवसायी, आलोट



टीका जरूर लगवाना है। सभी को गाइड-लाइन का कड़ाई से पालन करना होगा, तभी संक्रमण की चेन टूट पाएगी। टीका लगवाने के बाद भी मास्क और दो गज की दूरी का पालन करना आवश्यक है। -प्रखर मेहता, सामाजिक कार्यकर्ता, आलोट



युवा वर्ग में वैक्सीन लगवाने को लेकर उत्साह है, लेकिन इस उत्साह में शारीरिक दूरी का पालन भी हमें करना है। गाइड-लाइन का पालन करना हम सबका कर्तव्य है। - विट्ठल मोदी, सामाजिक कार्यकर्ता, आलोट



कोरोना से सुरक्षित रहने के लिए सबसे पहले मास्क लगाना बहुत जरूरी है। कोरोना ने इस बार अपना खतरनाक रूप दिखाया है। दो गज दूरी का पालन कर हम स्वयं के साथ दूसरों को भी इस महामारी से बचा सकते है। स्वयं भी टीका लगवाए और दूसरों को भी प्रेरित करें।

-जया शर्मा, गुडरखेड़ा

### निस्वार्थ भाव से दे रहे सेवा

कोरोना काल में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस कप्तान गौरव तिवारी व प्रशासन के साथ प्रत्येक चौराहों व रात्रिकालीन गश्त में जिला संयोजक तेजराम प्रजापत के मार्गदर्शन में नगर व ग्राम रक्षा समिति सदस्य निस्वार्थ भाव से दिन- रात सेवाएं दे रहे हैं। नगर सुरक्षा समिति सदस्यों को निस्वार्थ सेवा के लिए एसपी मास्क, फेस शील्ड तथा सैनिटाइजर भी समय- समय पर उपलब्ध करवा रहे हैं।

नईदुनिया 31/5/21

**सेवा कार्य** • केंद्र सरकार के सात साल पूरे होने पर भाजपा ने कोरोना काल के मद्देनजर शहर और अंचल में सेवा गतिविधियां कर सचेत किया

# रक्तदान के साथ श्रमदान, मास्क और सैनिटाइजर बांटे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सात साल पूरे होने पर रविवार को भाजपा ने सेवा कार्य किए। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मास्क, सैनिटाइजर बांटे तो कुछ ने रक्तदान किया। सेवा ही संगठन के तहत वार्ड 19 में बूथ प्रभारियों को 1000 मास्क और सैनिटाइजर नगर निगम पूर्व अध्यक्ष अशोक पोरवाल ने दिए। बूथ प्रभारियों ने उन्हें घर-घर पहुंचाया। वार्ड संयोजक राजेंद्र चौहान, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ बंटी बोहरा, मंडल मंत्री तृप्ति कुमावत, बूथ प्रभारी रामचंद्र प्रजापत, नरेश परदेशी, अर्पित कोठारी, राधा चौहान, श्रीराम जोशी, कैलाश मईड़ा, दिनेश सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

## ब्लड बैंक में शिविर लगाया

इसी प्रकार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा, जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, गोविंद काकानी की उपस्थिति में लगे शिविर में कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। राकेश परमार, प्रभु सोलंकी, इल्यास अहमद कुरैशी, मुबारिक शेरानी, सलीम मेव, मंसूर जामदार, अरमान खान आदि उपस्थित रहे।

वहीं भाजपा महिला मोर्चा ने जिला प्रभारी अनिता कटारिया के नेतृत्व में ब्लड डोनेट किया। सैलाना-शिवगढ़ मंडल अध्यक्ष रजनी पाटीदार, बांगरोद मंडल महामंत्री भारती पाटीदार, दीनदयाल मंडल महामंत्री पूजा बोहरा, संध्या कोटिया, दिव्या शर्मा, ऋतिका ओझा, निर्मल कटारिया, आशिष पाटीदार, ब्लड बैंक अध्यक्ष मोहनलाल मुरलीवाला आदि मौजूद रहे।

## शास्त्री नगर की बावड़ी पर जुटे कार्यकर्ता, साफ-सफाई की



रतलाम | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 7 साल पूर्ण होने पर कुशाभाऊ ठाकरे मंडल ने संरक्षण का अभियान चलाया। रविवार को शास्त्री नगर, शिव मंदिर परिसर स्थित प्राचीन बावड़ी की बारिश के पूर्व साफ सफाई की गई ताकि पानी स्वच्छ रहे और भू-जल स्तर बढ़े। अभियान के तहत जनता से आह्वान किया गया कि हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम लगाएं जिससे बोरवेल रिचार्ज हो सके। मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में हुए जल संरक्षण अभियान में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, वार्ड अध्यक्ष संतोष कोलंबेकर, क्षेत्रवासी अमित राजकुमार, रवि मालपानी, आशुतोष चौहान, अंशुल एरन, जितेंद्र गुरनानी, श्रीराम पंडित ने श्रमदान किया।



वार्ड 19 में रहवासियों को मास्क और सैनिटाइजर बांटते भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

## सुशासन के रूप में मनाया भाजपा का सात दिवसीय कार्यकाल, मास्क, सैनिटाइजर बांट कर वैक्सीन के लिए किया जागरूक

भास्कर अंचल टीम | प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के सात साल पूर्ण होने पर भाजपा ने इसे सुशासन के रूप में मनाया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य किए।



**नामली | भाजपा ने मास्क वितरण किए** : बस स्टैंड चौराहे पर भाजपा मंडल ने मास्क बांटे। ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, सांसद प्रतिनिधि बाबूलाल कर्णधार, मंडल अध्यक्ष दिनेश धाकड़, भीम सिंह राठौर, आशा कुंवर राठौर महामंत्री सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



**आम्बा | किया प्रेरित** : भाजपा मंडल पिपलौदा ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को 300 से ज्यादा मास्क बांटे के साथ ही सैनिटाइजर भी दिया। 18 व 45 प्लस के ग्रामीणों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया। अशोक निनामा, हरीश पाटीदार, महेशचंद्र शर्मा, प्रहलाद काग मौजूद रहे।



**धामनोद | मास्क बांटे** : भाजपा कार्यकर्ताओं ने मास्क बांटे। नामली मंडल महामंत्री गोविंद परिहार, देवीलाल गोरा, शांतिलाल परमार, लोकेंद्रसिंह सिसौदिया, प्रहलाद पाटीदार, सत्यनारायण कलारिया, मनीष पाटीदार, शंभूगिरी गोस्वामी, ईश्वरलाल, मदनलाल धाकड़ी, झमकलाल बाबूलाल मौजूद रहे।



**बिरमावल | टी समझाइश** : भाजपा शबरी मंडल ने ग्रामीणों को मास्क बांटने के साथ ही टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण विधायक दिलीप कुमार मकवाना, राकेश पाटीदार, ग्राम प्रधान कन्हैयालाल मालवीय, समाजसेवी महेश तंवर, रमेश गिरी गोस्वामी, बाबूलाल पांचाल, सतीश अग्रवाल मौजूद रहे।

## प्रदेश को खोलने की जल्दी: मंत्री-अफसरों के अजब-गजब निर्देश

# अनलॉक कल से; 15 जून तक पहला चरण, जोखिम वालों को पहले टीका

### बंदिशों के साथ ही खुलेंगे भोपाल-इंदौर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में 1 जून से अनलॉक की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। रविवार को अधिकतर जिलों से अनलॉक को लेकर रिपोर्ट ली गई। क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों के सुझाव भी बुलाए। भोपाल और इंदौर को भी बंदिशों के साथ अनलॉक करने की तैयारी है। मंत्रालय में भोपाल को अनलॉक करने को लेकर बैठक हुई। इसमें सरकार की कॉमन गाइडलाइन के आधार पर चुनिंदा छूट देकर कर्फ्यू हटाना तय किया गया है। वीकेंड यानी शनिवार और रविवार जरूर कर्फ्यू रहेगा।

इस बार अनलॉक का पहला चरण 15 जून तक रहेगा। इसमें कोरोना के केस और मैदानी स्थिति के हिसाब से समीक्षा कर आगे निर्णय होगा। यदि केस बढ़ते हैं तो बंदिशें बढ़ाई जा सकती हैं, जबकि केस कम होने की स्थिति में अनलॉक के दूसरे चरण में ज्यादा ढील के प्रावधान किए जा सकते हैं।



**भोपाल.** अनलॉक से पहले दुकान की साफ-सफाई करता दुकानदार।

### सरकारी कार्यालयों में अफसरों की 100 फीसदी उपस्थिति होगी

**राज्य** के सभी सरकारी कार्यालयों में 1 जून से अफसरों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहेगी। रविवार को इसके आदेश जारी हो गए। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के मुताबिक अत्यावश्यक सेवाएं देने वाले कार्यालयों को छोड़कर शेष दफ्तर सौ फीसदी अधिकारियों और 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित होंगे। ये निर्देश 15 जून तक प्रभावशील रहेंगे।

**उज्जैन: 15 तक धार्मिक स्थल बंद**

गांवों में 1 जून से सभी दुकानें प्रातः 6 से शाम 6 बजे तक एक लाइन में एक दिन व दूसरी लाइन में दूसरे दिन बारी-बारी खुलेंगी। 15 जून तक धार्मिक स्थल बंद रहेंगे।

### सुलेमानी फरमान: सेक्स वर्कर उच्च जोखिम वाले, फिर लिखा सैलून वर्कर

कोरोना वैक्सीन लगाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान ने रविवार को अजब आदेश जारी किया। सुलेमान के हस्ताक्षर से जारी आदेश में उच्च जोखिम वाले लोगों को वैक्सीन लगाने के निर्देश दिए गए। इसमें सेक्स वर्कर्स को भी शामिल कर लिया गया। इस पर जब बवाल मचा और आदेश सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो चंद घंटों बाद संशोधित आदेश जारी किया गया। इसमें सेक्स वर्कर शब्द की जगह सैलून वर्कर लिखा गया। सुलेमान ने कहा कि गलती से सैलून की जगह सेक्स शब्द टाइप हो गया था। बाद में संशोधित आदेश जारी कर दिया गया। इस आदेश में सभी कलेक्टरों को कहा गया था कि उच्च जोखिम वाले लोगों का ऑन-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर उन्हें प्राथमिकता से वैक्सीन लगवाई जाए।

**अजीब फरमान**

### वैक्सीन नहीं तो न दुकान खोल पाएंगे, न ही खरीद पाएंगे

खाद्य मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने अजीब फरमान जारी किया है। उन्होंने रविवार को तीन जिलों शहडोल, सीधी और अनूपपुर के कलेक्टरों को निर्देश दिए कि जिसने कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाई है वे दुकानदार न दुकान खोल पाएंगे और न ही ग्राहक सामान लेने जा पाएंगे। यदि किसी ने ऐसा किया तो उस पर जुर्माना लगेगा। मंत्री ने कहा कि जिन गांव और पंचायतों में पांच से ज्यादा कोरोना संक्रमित पाए जाते हैं तो वहां लॉकडाउन में भी ढील नहीं दी जाए।

पत्रिका
31/5/21

# आश्रम क्षेत्र में वृक्षों की कटाई का विरोध, रोका काम



अमृत सागर उद्यान के सामने हरे पेड़ काट दिए गए। • नईदुनिया

रतलाम। रविवार को अमृत सागर उद्यान के सामने स्थित शासकीय भूमि व फलाहारी बाबा के आश्रम परिसर में लगे बीस से अधिक हरेभरे वृक्षों को काटने से विवाद हो गया। आसपास के रहवासियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध पर पेड़ कटाई का काम रोक दिया गया। पेड़ काटने वालों ने निगमायुक्त की अनुमति से पेड़ काटने की बात कही, लेकिन अनुमति नहीं बता पाए।

सूचना पर सुबह करीब 11 बजे आरएसएस के विवेक जायसवाल, अधिवक्ता अदिति दवेसर, गोपाल सोनी सहित कई समाजसेवी मौके पर पहुंचे। सोनी ने बताया कि शनिवार को करीब 20 से अधिक पेड़ काट दिए। जायसवाल ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से बात की तो सिर्फ फोरलेन निर्माण में आने वाले पेड़ों को काटने की बात कही गई। है। इसके बाद निगम के उपयंत्री भी मौके पर पहुंचे और काम बंद करवाया। मालूम हो कि शहर कस्बा सर्वे क्रमांक 700 व 701 की 0.830 भूमि शासन रिकार्ड में नजूल के नाम पर है। इस भूमि पर कई वर्षों से फलाहारी बाबा का एक आश्रम, मंदिर व कुछ अन्य निर्माण जबकि पास में एक सर्विस सेंटर, मजार व कुछ कच्चे मकान भी थे। 18 मार्च को प्रशासन ने मंदिर व मजार को छोड़कर शेष सभी निर्माण जेसीबी की सहायता से हटाकर जमीन नगर निगम को सुपुर्द की थी।

# आक्सीजन प्लांट का शुभारंभ आज



आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शासकीय मेडिकल रतलाम में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा स्थापित पीएसए आक्सीजन कंसंट्रेटर प्लांट का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 31 मई को सुबह 11 बजे सीमित अतिथियों की उपस्थिति में वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। अध्यक्षता प्रदेश के वित्त व जिले के कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद गुमानसिंह डामोर, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा विशेष अतिथि रहेंगे। इस कार्यक्रम का चेतन्य काश्यप के फेसबुक पेज पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

फाउंडेशन अध्यक्ष, विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि शासकीय मेडिकल में आक्सीजन प्लांट की स्थापना के बाद विद्युत कनेक्शन जोड़कर आक्सीजन उत्पादन व आपूर्ति का परीक्षण कर लिया गया है। इस पीएसए प्लांट में सीधे हवा से आक्सीजन उत्पादित होगी। इससे मेडिकल कालेज के आइसीयू में 140 बेडों पर इलाजरत मरीजों को अनवरत आक्सीजन की आपूर्ति हो सकेगी।

**कोठारी परिवार ने समता हेल्थ केयर को भेंट की आक्सीजन मशीन**

रतलाम। केसरबाई-नेमचंद जी कोठारी परिवार के महेंद्र कोठारी ने पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी की प्रेरणा से समता हेल्थ केयर को एक आक्सीजन मशीन भेंट की। समता हेल्थ केयर संयोजक प्रीतेश गादिया ने बताया कि मुनि श्रीचंद जी व शासन दीपिका ज्ञानकंवर जी की स्मृति स्वरूप सेवा हेतु कोठारी परिवार द्वारा संघ अध्यक्ष कपूर कोठारी, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र गादिया, सुशील गोरेचा, समता युवा संघ अध्यक्ष अजय पोटा, सचिव रितेश नागौरी को जैन हैल्पलाइन मोहन टाकीज पर मशीन भेंट की गई। मुकेश मेहता, राकेश पीपाड़ा, राजेंद्र लुणावत, प्रफुल्ल लोढ़ा, प्रकाश नांदेचा, राजेश कटारिया, सुरेंद्र गादिया, राहुल सुराना, प्रदीप लोढ़ा, महेंद्र भंडारी, धनपाल चपरोट, सुनील चपरोट, श्रेणिक सुराणा, सुरेश सुराना, संदीप चौहान, बंटी भरगट, बंटी मूणत, अंकित कटारिया आदि उपस्थित थे। आभार सचिव रितेश नागौरी ने माना।

2

नईदुनिया 31/5/21

अनलॉक की शुरुआत के पहले कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कोरोना का फैलाव नहीं हो, भीड़ नियंत्रण के लिए अधिकारियों को सतर्क रहने कहा



रतलाम @ पत्रिका. जिले में आगामी 1 जून से कोरोना कर्फ्यू में दी जाने वाली छूट एवं प्रतिबंधों की शिथिलता की जानकारी जिले के अधिकारियों को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार को वीसी के माध्यम से दी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कोरोना संक्रमण का प्रसार नहीं हो। किसी भी स्थान पर भीड़ एकत्रित नहीं हो, इसके लिए 1 जून से सभी अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करें। रतलाम शहर में इसके लिए 40 दल बनाए जाएंगे जो निगरानी का कार्य करेंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन गतिविधियों के लिए 1 जून से अनुमति दी जा रही है, उनका संचालन अनुशासित ढंग से हो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। मास्क नहीं पहनने वालों पर कार्रवाई की जाना है। आदेशों का अक्षरश पालन करवाया जाए। कलेक्टर ने अन्य बिंदुओं पर भी दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने पुलिस अधिकारियों को मुस्तैदी से कार्य करने एवं कोरोना गाइडलाइन का पालन सख्ती से कराने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, मनीषा वास्कले, कृतिका भीमावद, सीएसपी हेमंत चौहान, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया सहित शहर के थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

(२)

कोविड सेंटर को किया था 10 को शुरू

# समाजसेवियों के सेंटर में 45 में से 40 मरीज ठीक होकर गए



रतलाम. शहर में खाचरोद रोड पर शहर के समाजसेवियों ने कोरोना ... अब तक 40 मरीज स्वस्थ होकर घर पहुंच गए। इसके साथ ही

# 69 दिन में 2 केस से 398 (पीक) तक पहुंचे, अब सिर्फ 23 दिन में ही 372 मामले कम, यही ट्रेंड रहा तो... 10 जून से पहले रतलाम में मिलने लगेंगे 1-2 पॉजिटिव

- 12 दिन पहले सीएम ने दिया था 0 संक्रमण दर का टारगेट
- अब दूर नहीं... पीक से अब तक रोज औसत 18 केस कम हो रहे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम में 1 मार्च को सिर्फ 2 पॉजिटिव थे, जो 69 दिन में अपने पीक 398 तक पहुंच गए। इसके बाद सिर्फ 23 दिन में ही आंकड़ा 20 के आसपास आ गया। यानी औसत 18 केस रोज कम हुए... पिछले 5 दिन से यहीं औसत 5 केस की बनी हुई है। रफ्तार यही रही तो 10 जून के पहले 1-2 पॉजिटिव मिलने लगेंगे।

## पहली लहर में 307 दिन में हुए थे 0 पॉजिटिव

इधर, सीएम ने 19 मई को रतलाम में कलेक्टर को संक्रमण दर 0 तक लाने का टारगेट दिया था। हालांकि, तब संक्रमण दर 10 प्रतिशत से ज्यादा थी, जो अब 2 प्रतिशत से कम हो गई है। पहली लहर में 11 फरवरी को संक्रमण दर 0 पर पहुंची थी, ऐसा 307 दिन बाद हुआ था।

## 24 दिन में 60 के पार, 42 दिन में 150 पार हुए थे

शहर में 24 दिन में पॉजिटिव 60 के पार हो गए थे वहीं 42 दिन में आंकड़ा 150 के पार पहुंच गया था। मई महीने में संक्रमित 300 के पार हुए थे जो 8 मई को सर्वाधिक 398 थे। इसके बाद से केस कम होना शुरू हुए जो अब फिर 30 से कम आ गए हैं।

## मार्च से अब तक इस तरह रही जिले में कोरोना संक्रमितों की रफ्तार




दैनिक भास्कर
31/5/21

### शिवराज ने किया मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का शुभारंभ

# 'कोरोना से अनाथ हुए हर बच्चे की अंगुली थामेंगे'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. सीएम शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को बाल सेवा योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि हम कोरोना से अनाथ हुए बच्चों को यह अहसास नहीं होने देंगे कि उनके माता-पिता नहीं हैं। हर बच्चे की अंगुली थामेंगे। कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई लिखाई, भोजन और आर्थिक सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा। बच्चे मेहनत करें और अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। शिवराज ने मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के पात्र हितग्राही बच्चों को अपने निवास से वर्चुअली पेंशन राशि का वितरण भी किया।



केन्द्र में भाजपा सरकार के सात साल पूरे होने पर भोपाल की बस्तियों में जरूरत का सामान बांटते मुख्यमंत्री शिवराज।

#### बच्चों से किया संवाद

योजना के शुभारंभ पर 130 परिवारों के 173 बच्चों के खातों में प्रति बच्चा प्रतिमाह 5 हजार रुपए के मान से सिंगल क्लिक से राशि ट्रांसफर की गई। मुख्यमंत्री ने योजना के हितग्राही बच्चों और बच्चों के संरक्षकों से वर्चुअली संवाद भी किया। कार्यक्रम में प्रदेश की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जुड़ी थीं।

पत्रिका 31/5/21

### काश्यप फाउंडेशन द्वारा स्थापित पीएसए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्लांट

# मेडिकल कालेज में ऑक्सीजन प्लांट का मुख्यमंत्री करेंगे वर्चुअल शुभारंभ

रतलाम @ पत्रिका. शासकीय मेडिकल रतलाम में चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा स्थापित पीएसए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्लांट का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान सोमवार सुबह 11 बजे सीमित अतिथियों की उपस्थिति में वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। इसकी अध्यक्षता प्रदेश के वित्त एवं जिले के कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा करेंगे। इस कार्यक्रम का चेतन्य काश्यप के फेसबुक पेज पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।



फाउण्डेशन अध्यक्ष, विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि शासकीय मेडिकल रतलाम में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना के बाद विद्युत कनेक्शन जोड़कर ऑक्सीजन उत्पादन एवं आपूर्ति का परीक्षण कर लिया गया है। इस पीएसए प्लांट में सीधे हवा से ऑक्सीजन उत्पादित होगी। इससे मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में 140 बेडो पर इलाजरत मरीजों को अनवरत ऑक्सीजन की आपूर्ति हो सकेगी। क्षेत्रीय सांसद गुमानसिंह डामोर, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा विशेष अतिथि रहेंगे।

पत्रिका 31/5/21

### रविवार को 18 व्यक्ति डिस्चार्ज

रतलाम. मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से स्वस्थ होकर रविवार को 18 व्यक्ति अपने घर लौटे। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 17 नए मरीज भर्ती हुए। हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 44 पर मरीज हैं। एचडीयू में 172 बेड में 64 पर मरीज हैं। ऑक्सीजन बेड 180 में 54 पर मरीज हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 05 पर मरीज भर्ती हैं।

**रतलाम में कोरोना कर्फ्यू का 53 वां दिन आज : किराना, फल-सब्जी की होगी उपलब्धता**

# कल से खुलेगा पाबंदियों का ताला, घर से निकलने के लिए नहीं लेना होगी अनुमति

## इनमें मिली छूट

- किराना दुकानें स्टैंड अलोन खुली रह सकेंगी।
- मॉल्स से सिर्फ होम डिलीवरी होगी।
- आटा चक्की खुली रहेगी।
- दवाई की दुकान पूरे समय खुल सकेगी।
- सब्जी तथा फल की ठेला गाड़ी द्वारा घूमकर बिक्री की जा सकेगी।
- ऑटो-रिक्शा में दो सवारी बैठ सकेगी, फोर व्हीलर में ड्राइवर के अलावा दो सवारी बैठ सकेगी।
- वैवाहिक समारोह में दोनों पक्षों के मात्र 10-10 व्यक्ति पूर्व अनुमति से शामिल हो सकेंगे।
- अंतिम संस्कार में 10 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे।
- जहां 5 प्रतिशत से अधिक पाजिटिव रेट है तथा जहां कन्टेमेंट क्षेत्र है, वहां छूट लागू नहीं रहेगी।
- जहां छूट है, वहां भी किसी भी 6 से अधिक लोग एकत्र नहीं हो सकेंगे।
- आज के बाद ई पास की आवश्यकता नहीं होगी।



जीतेगा रतलाम

काउंटडाउन

अनलॉक तैयारी आज

रतलाम. जिले में 53 दिनों बाद कल यानी 1 जून से पाबंदियों पर लगा ताला खुल जाएगा लेकिन यह शुरुआती दौर में सिमित दायरे के लिए खोला जाएगा। आवश्यक वस्तुओं की खरीदी के लिए लोग भी घर से बाहर निकल सकेंगे। इसके लिए उन्हे किसी प्रकार के पास की जरुरत भी नहीं होगी। प्रशासन द्वारा शुरू की गई ई-पास की व्यवस्था

**राहत का सन्नाटा**



### नियम तोड़ा तो होगी कार्रवाई



बिना मास्क के घर के बाहर निकलने वालों पर कार्रवाई होगी। किसी दुकान पर 6 से अधिक लोग मिले हो नियमों का पालन होता नहीं दिखा तो दुकान 7 दिन के लिए सील करेंगे। धान मंडी की दुकानों पर सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र से सामग्री लेने आने वालों को छूट रहेगी शेष शहर के लोगों को नहीं आने दिया जाएगा। 190 गांव ऐसे हैं जहां पर पॉजिटिव मरीज हैं ऐसे में उन गांवों से लोगों को बाहर नहीं आने दिया जाएगा। **- गौरव तिवारी,** पुलिस अधीक्षक, रतलाम

### 40 दल बनाए जाएंगे



किसी भी स्थान पर भीड़ एकत्रित नहीं हो, इसके लिए 1 जून से सभी अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करेंगे। रतलाम शहर में इसके लिए 40 दल बनाए जाएंगे जो निगरानी का कार्य करेंगे। जिन गतिविधियों के लिए अनुमति दी जा रही है, उनका संचालन अनुशासित ढंग से हो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

मुख्यमंत्री कोविड-बाल कल्याण योजना

# बेटी आपका मामा आपके साथ है, रतलाम की पल्लवी सोनी से मुख्यमंत्री ने की बात

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com




रतलाम. मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रविवार को कोविड-बाल कल्याण योजना के तहत वीसी के माध्यम से माता-पिता विहीन बच्चों से बात की। इस दौरान रविवार को रतलाम एनआईसी कक्ष में जिले के जावरा की पल्लवी सोनी एवं उसका भाई प्रियांशु भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने पल्लवी से कहा कि दुख की घड़ी में आपका मामा आपके साथ हैं। मुख्यमंत्री के साथ-साथ जिले के विधायक चैतन्य काश्यप, डॉ. राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना भी आपके साथ हैं। जिले के 186 बच्चे चिन्हित किए गए है।

मुख्यमंत्री ने बात करते हुए बालिका पल्लवी से उसके माता-पिता की जानकारी ली। बालिका ने बताया कि उसके पिता की विगत दिसंबर माह में मृत्यु हो गई थी, उसकी माता की विगत दिनों कैंसर की बीमारी से मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री ने बच्चों की पढ़ाई के बारे में पूछा तो बालिका पल्लवी ने बताया कि उसने बीबीए की पढ़ाई पूर्ण कर ली है। आगे एमबीए करने का इरादा है। मुख्यमंत्री ने कहा आपका मामा आपके साथ है, पढ़ाई पूरी करने के लिए प्रत्येक मदद की जाएगी। साथ ही उसके भाइयों की पढ़ाई के लिए भी पूरी मदद करेंगे। बालिका का छोटा भाई प्रियांश जावरा कॉलेज में बीएससी में अध्ययनरत है, एक और छोटा भाई है वह भी पढ़ाई कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता-पिता का साथ नहीं होना अत्यंत पीड़ादायक है लेकिन हम सब आपके साथ हैं, मेरा स्नेह और आशीर्वाद आपके साथ हैं।

## गोद लेने की योजना बना रहे

विधायक पांडे ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले के 186 बच्चे चिन्हित किए हैं जिन्हें जनप्रतिनिधि, अधिकारी गोद लेने की योजना बना रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री द्वारा जनप्रतिनिधियों की उत्तम भावना की सराहना की गई। एनआईसी कक्ष में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, मनोहर पोरवाल, सीईओ मीनाक्षी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विनीता लोढा आदि उपस्थित थे।

पत्रिका
31/5/21

# लॉकडाउन में खोली दुकान, पुलिस ने केस दर्ज किया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जावरा फाटक काजी खान मस्जिद के पास एक किराना दुकान संचालक ने लॉक डाउन के बावजूद अपनी दुकान खोल कर शासन के नियमों का उल्लंघन किया। नायब तहसीलदार की रिपोर्ट पर आरोपी किराना दुकान संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

नायब तहसीलदार पूजा भाटी सर्कल भ्रमण के लिए जावरा फाटक क्षेत्र में पहुंची। यहां काजीखान मस्जिद के पास आरोपी अरबाज पिता निजाम खान ने अपनी किराना दुकान खोल रखी थी। यही नही वह अपनी दुकान से ग्राहकों को सामान भी बेच रहा था। ग्राहकों और दुकानदार ने सोस्यल डिस्टेंसिंग का पालन नही किया था और भीड़ लगी होने से उसने लॉक डाउन का उल्लंघन किया। पुलिस ने आरोपी दुकानदार अरबाज के खिलाफ धारा 188 के साथ ही आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# प्रदेश के वित्त एवं जिले के कोविड प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक संपन्न

रतलाम। प्रदेश के वित्त मंत्री तथा जिले के कोविड-19 प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में शनिवार शाम जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें 1 जून से विभिन्न प्रतिबंध खोलने के संबंध में कई निर्णय लिए गए। बैठक में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, सांसद श्री गुमानसिंह डामोर (वर्चुअली), शहर विधायक श्री चैतन्य काश्यप, जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, ग्रामीण विधायक श्री दिलीप मकवाना, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, श्री गोविंद काकानी, श्री वीरेंद्र पाटीदार, श्री महेंद्र कटारिया, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े आदि अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राज्य शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के प्रकाश में जिले में लागू प्रतिबंध खोलने के संबंध में निर्णय लिए गए। बताया गया कि किराने की स्टैंड अलोन दुकानें खुली रह सकेंगी। होटल से मात्र होम डिलीवरी हो सकेगी। आटा चक्की खुली रह सकेगी। दवाई की दुकान पूरे समय खुल सकेगी। सब्जी तथा फल की ठेला गाड़ी द्वारा घूमकर बिक्री की जा सकेगी। ऑटो रिक्शा में दो सवारी बैठ सकेंगी, फोर व्हीलर में ड्राइवर के अलावा दो सवारी बैठ सकेंगी। वैवाहिक समारोह में दोनों पक्षों के मात्र 10-10 व्यक्ति पूर्व अनुमति लेकर सम्मिलित हो सकेंगे। अंतिम संस्कार में 10 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे। उक्त निर्णय 1 जून से लागू होकर 7 जून तक लागू रहेंगे। इसके पश्चात जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी बैठक आयोजित करके परिस्थिति अनुसार आगे के लिए निर्णय लेगी। वर्तमान ई पास व्यवस्था 31 मई के पश्चात लागू नहीं रहेगी। जहाँ 5 प्रतिशत से अधिक पाजिटिव रेट है तथा जहाँ कन्टेनमेंट क्षेत्र है वहां ये छूट लागू नहीं रहेगी। जहाँ छूट है वहां भी किसी भी स्थिति में 6 से अधिक नागरिक एकत्र नहीं हो सकेंगे। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले में कोरोना नियंत्रण की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने निर्देश दिए कि जिले के जिन हॉटस्पॉट क्षेत्रों में ज्यादा पेशेंट आए हैं, उन क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति बनाकर कार्य किया जाए ताकि संक्रमण का विस्तार नहीं हो। सांसद श्री डामोर ने कहा कि शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के प्रकाश में निर्णय लिए जाएं। चरणबद्ध रूप से अनलॉक किया जाना चाहिए, साथ ही ब्लैक फंगस के उपचार की पुख्ता व्यवस्था हो। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के उपचार की भी पुख्ता व्यवस्था के लिए कहा। सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि अनलॉक के संबंध में चरणबद्ध रूप से कार्य किया जाएगा, परिस्थिति अनुसार निर्णय लिया जाना उचित रहेगा। अनुशासित ढंग से गतिविधियां आयोजित की जाना चाहिए। सांसद श्री गुप्ता तथा विधायक श्री पांडे ने जावरा चिकित्सालय में जिला स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही। विधायक डा. राजेंद्र पांडे ने कहा कि जिन क्षेत्रों में संक्रमण ज्यादा हुआ है वहां एनालिसिस कराया जाए। उन्होंने कांटेक्ट ट्रेसिंग पर भी जोर दिया। विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि जिन कोरोना मरीजों के घर में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, उनको सीसीसी में रखा जाना चाहिए। श्री काश्यप ने मेडिकल कॉलेज में बच्चों की चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में इस बात पर जोर दिया कि मात्र बेड उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं होती है बल्कि अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

31/5/21

# नगर निगम का तत्काल सहयोग मिला - गोविंद काकानी

रतलाम। रोगी कल्याण समिति सदस्य गोविंद काकानी ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को धन्यवाद देते हुए जिला अस्पताल में आई परेशानियों को त्वरित दूर करने हेतु धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया? चिकित्सालय में लंबे समय से सेफ्टी टैंक भरे होने के कारण समस्याएं आ रही थी ? जिसे उन्होंने सेफ्टी टैंक क्लीनर वाहन भेज कर तत्काल सफाई करवा दी।

इसी प्रकार ड्रामा सेंटर के सामने लगी मोटर जल जाने के कारण अस्पताल में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई थी ?लॉकडाउन के कारण मोटर रिपेयर करवाना मुश्किल हो रहा था ? ऐसे में रोगी कल्याण समिति सदस्य गोविंद काकानी ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से समस्या दूर करने हेतु सहयोग मांगा? उन्होंने तत्काल मोटर निकलवा कर उसे दुरुस्त करवा कर पुनः लगवा दिया।

# कहीं रक्तदान किया तो कहीं बांटे मास्क और सैनिटाइजर

## सेवा कार्य : केंद्र में भाजपा सरकार के सात वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर कई जगह आयोजन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार के सात वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर जिले में अनेक कार्यक्रम हुए। कहीं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तो कहीं कोरोना से बचाव के लिए आमजन को मास्क व सैनिटाइजर का वितरण किया गया। जरूरतमंदों की सेवा भी की गई।

भाजपा के आह्वान पर सेवा ही संगठन के तहत वार्ड-19 में सभी बूथों पर जाकर बूथ प्रभारियों को 1000 मास्क व सैनिटाइजर नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष अशोक पोरवाल ने प्रदान किए। इसके बाद वार्ड के सभी नौ बूथ पर बूथ प्रभारियों ने नागरिकों को घर-घर जाकर सामग्री वितरित की। वार्ड संयोजक राजेंद्र चौहान, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बंटी वोहरा, मंडल मंत्री तृप्ति कुमावत, बूथ प्रभारी रामचंद्र प्रजापत, नरेश परदेशी, अर्पित कोठारी, राधा चौहान, श्रीराम जोशी, कैलाश मईड़ा, दिनेश सोलंकी, राहुल पोरवाल, विक्रांत शर्मा, युवा नेता अजहर मंसूरी, कपिल खरे, विशाल कुमावत, जय यादव, रिंकू सेन, मनोहर लोदावरा उपस्थित थे।



मास्क व सैनिटाइजर वितरित करते हुए पूर्व निगमाध्यक्ष अशोक पोरवाल। • नईदुनिया



कोरोना योद्धाओं को स्वल्पाहार कराते हुए नमो ग्रुप टीम के सदस्य। • नईदुनिया



पिपलौदा में मास्क वितरित करते हुए भाजपाई। • नईदुनिया

### महिला मोर्चा ने किया रक्तदान

भाजपा महिला मोर्चा ने अभियान के तहत रविवार को जिला प्रभारी अनिता कटारिया के नेतृत्व में रक्तदान



शास्त्री नगर शिव मंदिर परिसर स्थित प्राचीन बावड़ी की सफाई करते हुए कार्यकर्ता। • नईदुनिया

गणमान्यजन उपस्थित थे।

### श्रमदान कर की बावड़ी की सफाई

केंद्र में भाजपा सरकार के सात वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडल अध्यक्ष

अमित रायकवार, रवि मालपानी, आशुतोष चौहान, अंशुल एरन, जितेंद्र, गुरनानी, श्रीराम पंडित आदि उपस्थित थे।

### बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रफत वारसी के आह्वान पर रक्तदान शिविर का आयोजन जिला

11 केंद्रों पर सेवा दिवस मनाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्रसिंह गुडरखेड़ा के नेतृत्व में नगर के तीन केंद्रों पर नगर अध्यक्ष व प्रभारी मुकेश मोगरा, मंडल कार्यालय मंत्री महेश वोहरा, मंडल मंत्री नारायण धनगर, आइटी सेल प्रभारी मनमोहनसिंह राणा द्वारा मास्क के साथ बच्चों को बिस्किट के पैकेट का वितरण किया गया। मंडल मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल जैन ने बताया कि मंडल के ग्राम केंद्र बड़ायला माताजी पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भंवर धनगर के आतिथ्य व प्रभारी गोपाल पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ता भागीरथ माली, लालबहादुर, अरविंद भटोड़िया, कारूलाल धनगर, मुकेश माली, पारस जैन आदि ने मास्क का वितरण किया।

ग्राम अयाना केंद्र पर मंडल महामंत्री दिनेश पाटीदार के आतिथ्य में प्रभारी भेरूसिंह सोलंकी के नेतृत्व में कार्यकर्ता अनोपसिंह, शैलेंद्रसिंह केलवा, अनुज शर्मा, टोनी गुजराती आदि द्वारा मास्क का वितरण किया गया। ग्राम केंद्र हतनारा में जोरावरसिंह सिसोदिया के आतिथ्य में प्रभारी प्रकाशचंद पाटीदार द्वारा ग्रामीणों को मास्क व सैनिटाइजर का वितरण किया गया। ग्राम केंद्र आम्बा में मंडल महामंत्री अशोक निनामा के आतिथ्य में प्रभारी हरीश पाटीदार द्वारा ग्रामीणों को मास्क का वितरण किया गया। महेश शर्मा, प्रहलाद पाटीदार, कान्हा पाटीदार आदि उपस्थित थे। ग्राम केंद्र शेरपुर में मंडल मंत्री लोकेंद्रसिंह बड़ौदा के आतिथ्य में प्रभारी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लाखनसिंह शेरपुर द्वारा ग्रामीणों को मास्क का वितरित किया गया। पंकज पाटीदार, लोकेंद्रसिंह, युवराजसिंह आदि उपस्थित थे। ग्राम केंद्र बोरखेड़ा में मंडल मंत्री मयंक पाटीदार के आतिथ्य में प्रभारी कचरूलाल चौधरी ने बच्चों को बिस्किट के पैकेट का वितरण किया। राजू सिसोदिया, यशवंत पाठक, महावीरदास बैरागी आदि उपस्थित थे। ग्राम केंद्र बड़ायला चौरासी में प्रभारी भाजपा के वरिष्ठ उमेश आचार्य, मुख्य अतिथि डा. ओपी जोशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता गोपाल प्रजापत, मोतीलाल जाट, मांगीलाल धाकड़, हुकुमसिंह व अतिथियों ने ग्रामीणों को सैनिटाइजर, मास्क का वितरित किए। ग्रामीणों को वैक्सीनेशन के लिए जागरूक किया गया।

**वैक्सीन की कमी** • अभी जिले के 14.6 लाख लोगों में से 1.88 लाख को ही लगी है वैक्सीन

# कोविशील्ड पर संकट, 18+ में खुले को-वैक्सीन के स्लॉट, इस वर्ग में 3 प्रतिशत को ही टीके लगे

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी कम कर दिए सेशन, अब कल शाम तक टीके मिलने की आस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम में अब वैक्सीन संकट गहरा गया है। कोविशील्ड वैक्सीन खत्म होने की कगार पर पहुंच गई है, रविवार को इसके सिर्फ 700 डोज ही बचे थे। स्लॉट बुकिंग में भी इसका असर साफ दिखा, सुबह 10 बजे जब वैक्सीन के स्लॉट खुले तो वहां 18+ की उम्र के लोगों के लिए को-वैक्सीन की बुकिंग हुई, जबकि अब तक इस उम्र वर्ग के लोगों को कोविशिल्ड लगाई जा रही थी। इधर अब 1 जून की शाम से पहले वैक्सीन आने के आसार नहीं बन रहे हैं जबकि आज ही जिले में वैक्सीन खत्म हो सकती है।

हमारे जिले में वैक्सीन की कमी तो बनी हुई है लेकिन इस बार वैक्सीन खत्म होने की कगार पर ही पहुंच गई है। कारण है कि शासन से हर सप्ताह के लिए खेप मिलती है लेकिन अब तक टीके नहीं मिले। अभी दो दिन और यानी 1 जून की शाम तक वैक्सीन मिलने के आसार हैं। इधर जिले में कोविशील्ड के 700 तो वहीं, को-वैक्सीन के सिर्फ 2000 डोज ही बाकी हैं। सोमवार को 18+ की उम्र के लोगों को भी को-वैक्सीन ही लगाई जाएगी क्योंकि कोविशील्ड का स्टॉक नहीं है। 45+ की उम्र के लोगों के सेशन भी होना है, ऐसे में परेशानी होना तय है। इधर सोमवार को कहीं 30, कहीं 50 तो कहीं 100 वैक्सीन से ही सेशन लगेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में सेशन कम कर दिए हैं। एक दिन पहले तक 32 सेशन हैं लेकिन सोमवार को 10 सेशन ही रहेंगे।

### सरकार नहीं लगा सकी टीके, अब बिना वैक्सीनेशन के अनलॉक

इधर हमारे जिले में वैक्सीनेशन की स्थिति बहुत खराब है। करीब दो महीने से लॉकडाउन है लेकिन वैक्सीनेशन धीमा ही रहा। अभी तक 18+ की उम्र के 3 प्रतिशत लोगों को ही वैक्सीन लगी है। अब तक 18+ की उम्र के सिर्फ 21793 लोगों को ही पहला डोज लग पाया है, जोकि, लक्ष्य 7.17 लाख के मुकाबले 3.04 प्रतिशत ही है। आम लोगों में सबसे पहले 60+ के लोगों का वैक्सीनेशन शुरू हुआ था लेकिन इनमें भी अभी 31.64 प्रतिशत लोगों ने दूसरा डोज लगवाया है।

### कोविन पोर्टल बार-बार बताता रहा - टैक्निकल एरर

इधर रविवार को 18+ की उम्र के लोगों के वैक्सीनेशन के लिए स्लॉट बुक होने थे, 10 बजे स्लॉट खुले, पहले दो स्लॉट खुलने के बाद पोर्टल पर टेक्निकल एरर आने लगी। जब तक यह समस्या सुधरी, सभी स्लॉट की बुकिंग हो चुकी थी।

### अब तक लगी वैक्सीन

| लाभार्थी | पहला डोज% | दूसरा डोज% |
|---|---|---|
| हेल्थकेयर | 90.31 | 73.07 |
| फ्रंटलाइन | 100 | 61.88 |
| 18-44 | 3.04 | 0.00 |
| 45-60 | 26.94 | 11.08 |
| 60+ | 36.42 | 31.64 |
| कुल | 13.82 | 22.09 |

### चिंतनीय : 45+ के 11 प्रतिशत लोगों को ही दूसरा डोज

इधर, 45 से 60 साल के लोगों में भी वैक्सीनेशन की सुस्त रफ्तार साफ दिख रही है। रविवार तक जिले में इस उम्र वर्ग के लोगों में सिर्फ 11.08 प्रतिशत को ही वैक्सीन का दूसरा डोज लगा। इस उम्र वर्ग के 65844 लोगों को पहला डोज, तो 7296 लोगों को दूसरा डोज लगा है।

### रविवार को ऐसी रही स्थिति

| लाभार्थी | पहला डोज | दूसरा डोज |
|---|---|---|
| हेल्थकेयर | 0 | 0 |
| फ्रंटलाइन | 0 | 0 |
| 18-44 | 854 | 0 |
| 45-60 | 7 | 0 |
| 60+ | 0 | 0 |
| कुल | 861 | 0 |

### सीधी बात

वर्षा कुरील,
जिला टीकाकरण अधिकारी

**भास्कर** - कोविशील्ड वैक्सीन खत्म होने वाली है?

**अधिकारी** - हां, अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है, लेकिन करीब 700 डोज ही बचे हैं। ऐसे में को-वैक्सीन के सेशन हो रहे हैं। 1 जून की शाम तक वैक्सीन मिलेगी। जो उपलब्ध है उसके सेशन हो रहे हैं।

**भास्कर** - वैक्सीनेशन सुस्त रफ्तार से चला है, आगे के लिए क्या प्लान है?

**अधिकारी** - अभी कुछ दिनों से 45 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का अच्छा रिस्पांस देखने को मिला है। वैक्सीनेशन की आगामी सप्ताह की प्लानिंग को लेकर वीसी होने वाली है। इसमें तय होगा।

**भास्कर** - अब कितनी वैक्सीन आएगी, लोग इंतजार कर रहे हैं।

**अधिकारी** - हमें कहा गया है, एक हफ्ते का स्टॉक देंगे, आसानी से सेशन हो सकेंगे। परेशानी नहीं आएगी।

दैनिक भास्कर 31/5/21

प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी कार्यकाल के सात वर्ष पूर्ण होने पर जिलेभर में भाजपा द्वारा रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित हुए

# महिला मोर्चा ने रक्तदान शिविर लगाया और कुशाभाऊ ठाकरे मंडल ने बावड़ी की सफाई की



रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के कार्यकाल को सात वर्ष पूर्ण होने पर जिलेभर में भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मंडलों में रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिला मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।

शास्त्री नगर शिव मंदिर में कुशाभाऊ ठाकरे मंडल द्वारा प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई की गई तथा भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए हर घर वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम लगाने की अपील की। बाजना में कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया, नामली में मास्क वितरित हुए। पिपलौदा में 11 केंद्रों पर आयोजन किए गए।

भाजपा महिला मोर्चा ने आज मोदी सरकार के सात वर्ष पूर्ण होने पर जिला प्रभारी अनिता कटारिया के नेतृत्व में ब्लड डोनेट किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा, जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, अशोक पोरवाल, सैलाना शि[illegible] मंडल अध्यक्ष रजनी पाटीदार, बांगरोद मंडल महामंत्री भारती पाटीदार, दीनदयाल मंडल महामंत्री पूजा बोहरा,, संध्या कोटिया, दिव्या शर्मा, ऋतिका ओझा, भाजपा नेत्रा निर्मल कटारिया, गोविंद काकानी, युवा मोर्चा के सोनू यादव, आशीष पाटीदार, ब्लड बैंक अध्यक्ष मोहनलाल मुरलीवाला आदि

## बावड़ी में श्रमदान किया

वार्ड क्रमांक 33 शास्त्री नगर, शिव मंदिर परिसर, साई बाबा मंदिर के पास स्थित प्राचीन बावड़ी को बारिश के पूर्व साफ-सफाई की जा रही है, जिससे कि पानी स्वच्छ रखें, भू-जल स्तर बढ़े तथा जनता से अपील की जा रही है कि हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम लगाए जिससे कि आपके घर के स्वयं का बोरवेल रिचार्ज हो सके। इस हेतु कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी सरकार के 7 साल पूर्ण होने पर बावड़ी में श्रमदान कर जल संरक्षण का अभियान चलाया गया व संदेश दिया गया।

इस श्रमदान के मौके पर पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, भाजपा वार्ड क्र. 33 के अध्यक्ष संतोष कोलंबेकर, अमित रायकवार, रवि मालपानी, आशुतोष चौहान, अंशुल एरन, जितेंद्र गुरनानी, श्रीराम पंडित आदि उपस्थित थे।

## नामली में भाजपा ने मास्क वितरण किए

नामली प्रतिनिधि के अनुसार नरेंद्र मोदी की सरकार के दूसरे कार्यकाल के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर बस स्टैंड चौराहे पर भाजपा मंडल द्वारा मास्क वितरण ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, सांसद प्रतिनिधि बाबूलाल कर्णधार की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनेश धाकड़, उपाध्यक्ष भीमसिंह राठौर, श्रीमती आशा कुंवर राठौर, महामंत्री पुखराज जाट, पूर्व मंडल अध्यक्ष मदनलाल परमार, पूर्व पार्षद रमेश गुजरिया, अजय जोकचंद, भाजपा नेता राधेश्याम कुमावत, ललित टेलर, संजय मेहता, श्यामसुंदर परिहार, प्रवीण चौहान, अंकित राठौर सहित कई कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## स्वल्पाहार वितरित किया

शहर में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ अन्य जो लोग कोरोना काल में सेवा दे रहे हैं उन्हें नमो ग्रुप की टीम द्वारा स्वल्पाहार वितरण किया गया। रतलाम जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, जिलाध्यक्ष आशा कनोजिया, जिला उपाध्यक्ष रंजना जोशी, जिला महामंत्री विनोद चौहान, जिला कोषाध्यक्ष रवि प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष गोलू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिपाल सिंह देवड़ा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश गुर्जर, नगर अध्यक्ष कमलेश जोशी, जिला मीडिया प्रभारी भूपेन्द्रसिंह भाटी, नगर मंत्री सनी शर्मा, विजय सिंह डोबी नगर मंत्री वार्ड अध्यक्ष कालू राम, नंदकिशोर सांकला आदि उपस्थित थे।

## बाजना में कोरोना योद्धाओं का किया सम्मान

बाजना प्रतिनिधि के अनुसार मोदी सरकार के सात वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोरोना योद्धाओं स्वास्थ्य ,पुलिस ,राजस्व , शिक्षकों ग्राम पंचायत बाजना एवं साफ-सफाई कर्मचारियों के साथ ही कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, सेवा संगठन सैलाना विधानसभा के प्रभारी विजय चारेल ने कहा कि अंचल में टीकाकरण को लेकर के जो भ्रांतियां फैली हुई है हमने स्थानीय स्तर पर जाकर ग्रामीणों से बात की है और जो अविश्वास फैला हुआ है उसे दूर करने का पूरा प्रयास किया गया है। मंडल अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि बाजना जैसे क्षेत्र को कोरोना महामारी से दूर रखने के लिए निश्चित ही सभी विभागों ने अपनी-अपनी जवाबदारी से काम किया है और पूरे बाजना मंडल को इस कोरोना महामारी से जीत दिलवाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं मैं मंडल बाजना की ओर से सभी का अभिनंदन करता हूं। कार्यक्रम में गोविंद डामर, सतीश जाट, जगदीश डामर, विमल कोठारी ,पवन जैन ,मंडल महामंत्री नरेंद्र वसुनिया ,दीपेंद्र गहलोत आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन संजय टाक ने किया।

## पिपलौदा में भाजपा ने 11 केंद्रों पर आयोजन किए

पिपलौदा प्रतिनिधि के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सफलतम 7 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा ही संगठन है इस संकल्प को लेकर भाजपा मंडल पिपलौदा द्वारा मंडल के 11 केंद्रों पर सेवा दिवस मनाया गया। मंडल मीडिया प्रभारी प्रफुल जैन ने बताया कि भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्रसिंह गुडरखेड़ा के नेतृत्व में नगर के 3 केंद्रों पर नगर अध्यक्ष व प्रभारी मुकेश मोगरा, मंडल कार्यालय मंत्री महेश बोरा, मंडल मंत्री नारायण धनगर, आईटी सेल प्रभारी मनमोहनसिंह राणा द्वारा मास्क वितरण के साथ ही बच्चों को बिस्किट के पैकेट का वितरण किया गया। मंडल के ग्राम केंद्र बड़ायला माताजी पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भंवर धनगर के आतिथ्य व प्रभारी गोपाल पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ता भागीरथ माली, लालबहादुर, अरविंद भटोड़िया, कारुलाल धनगर, मुकेश माली, पारस जैन आदि ने मास्क का वितरण किया। ग्राम अयाना केंद्र पर मंडल महामंत्री दिनेश पाटीदार के आतिथ्य में प्रभारी भेरूसिंह सोलंकी के नेतृत्व में कार्यकर्ता अजीतसिंह, शैलेंद्र सिंह केलवा, अनुज शर्मा, टोनी गुजराती आदि द्वारा मास्क का वितरण किया गया। ग्राम केंद्र हतनारा में जोरावर सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य में प्रभारी प्रकाशचंद पाटीदार द्वारा ग्रामीणों को मास्क एवं सेनिटाइजर का वितरण किया ग्राम केंद्र आम्बा में मंडल महामंत्री अशोक निनामा के आतिथ्य में प्रभारी [illegible] पाटीदार द्वारा ग्रामीणों को मास्क का वितरण किया। इस अवसर पर महेश शर्मा, प्रहलाद पाटीदार, कान्हा पाटीदार आदि उपस्थित थे। ग्राम केंद्र शेरपुर में मंडल मंत्री लोकेंद्र सिंह बड़ोदा के आतिथ्य में प्रभारी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह शेरपुर द्वारा ग्रामीणों को मास्क का वितरित किया। इस अवसर पर पंकज पाटीदार, लोकेंद्र सिंह, युवराज सिंह आदि उपस्थित थे। ग्राम केंद्र बोरखेड़ा में मंडल मंत्री माणक पाटीदार के आतिथ्य में प्रभारी कचरूलाल चौधरी द्वारा बच्चों को बिस्किट पैकेट का वितरण किया। इस अवसर पर राजू सिसोदिया, यशवंत पाठक, महावीरदास बैरागी आदि उपस्थित थे। ग्राम केंद्र बड़ायला चौरासी में प्रभारी भाजपा के वरिष्ठ उमेश आचार्य मुख्य अतिथि डॉ.ओपी जोशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता गोपाल प्रजापत, मोतीलाल जाट, मांगीलाल धाकड़, हुकुम सिंह व अतिथियों द्वारा ग्रामीणों को सेनिटाइजर और मास्क का वितरित किया गया, साथ ही ग्रामीणों को टीकाकरण किया जागरूक किया।

भी आज से खत्म हो जाएगी। अनलॉक की प्रक्रिया में शुरुआती दौर में जिन चीजों से पाबंदियां हटाई जा रही है, वह सिर्फ 1 से 7 जून तक के लिए है। इन सात दिनों में शहर सहित जिले की स्थिति का आंकलन किया जाएगा कि कितने नए मरीज सामने आए है। उसके बाद इसकी समीक्षा के बाद आगे अनलॉक को बढ़ाया है या नहीं इस पर निर्णय लिया जाएगा।

इनका कहना

## जान है तो जहान है



आत्मविश्वास, साहस, दृढ़ निश्चय व सकारात्म सोच से ही हम कोरोना महामारी को मात दे सकते हैं। इसके लिए हमें गाइड लाइन के नियमों का पालन करे। अनलॉक के दौरान भी नगर के प्रबुद्धजन आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले। संयम के साथ घर में रहे। जान है तो जहान है।

- **कीर्ति शर्मा**, उप-प्रांताध्यक्ष, पेंशनर्स एसोसिएशन।

## अनकॉल में अधिक सर्तकता की जरूरत



लॉकडाउन के चलते अभी लोगों की घर से निकलना बंद था। अनलॉक शुरू होने पर लोग घर से बाहर निकल कर अपने आवश्यक कार्यों के लिए कार्यालयों में आएंगे। उस समय सतर्कता बरतने की अति आवश्यकता रहेगी। तभी हम और आप परिवार के साथ सुरक्षित रह सकते हैं।

- **संजय वोहरा**, सचिव, जिला इंटक कौंसिल, रतलाम।

## जिम्मेदारी बढ़ेगी



कोरोना कर्फ्यू के दौरान परिवार के घर में रहने से हम सुरक्षित रहे। समय की मांग व आर्थिक स्थिति को सुधार के लिए अनलॉक भी जरूरी है। ऐसे में गृहिणी की जिम्मेदारी और बढ़ जाएगी। जिसे संयम के साथ पूरा करना होगा। सदस्यों के बाहर से घर लौटने पर पूरा ध्यान रखना होगा।

-**अर्चना झालानी**, गृहिणी एवं समाजसेवी।

## संयम व नियमों का पालन करना जरूरी



करीब दो माह तक लॉकडाउन के चलते कारोबारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। ऐसे में बाजारों का अनलॉक जरूरी है। अनलॉक के दौरान ग्राहकों व दुकानदारों को संयम बरतना होगा। प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए कारोबार करना होगा।

- **संजय पारख**, प्रवक्ता, संयुक्त व्यापारी संघ, रतलाम।

**अनलॉक: कुछ राज्यों में आंशिक छूट तो कुछ में लॉकडाउन बढ़ा**

# कोरोना केस घटने के साथ खुलने लगे राज्य, पाबंदियों में दी ढील

## गतिविधियां सामान्य बनाने की कवायद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. देश में कोरोना के मामलों में गिरावट के साथ ही गतिविधियों को सामान्य करने की कवायद चल रही है। इसके मद्देनजर कुछ राज्यों में एक जून से लॉकडाउन और पाबंदियों में आंशिक रूप से ढील दी जा रही है। दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश ने पाबंदियों में छूट देने का फैसला किया है।

छत्तीसगढ़ पहले ही कोरोना के सक्रिय मामले घटने के साथ ही कुछ शहरों को अनलॉक कर चुका है। अन्य शहरों में भी व्यापारिक गतिविधियों में छूट देने की तैयारी है। राजस्थान भी एक जून से वाणिज्यिक गतिविधियों में छूट का दायरा बढ़ा सकता है। यहां उन जिलों में अधिक रियायत दी जा सकती है, जहां कोरोना मामले तेजी से नीचे आए हैं। मध्यप्रदेश में एक जून से चरणबद्ध तरीके से लॉकडाउन को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। पंजाब में लॉकडाउन 10 जून तक बढ़ाया गया है लेकिन निजी वाहनों के आवागमन में यात्रियों की संख्या पर लगाया प्रतिबंध हटा दिया गया है।

**दिल्ली: लॉकडाउन के दौरान थमे बसों के चक्के**



**नई दिल्ली.** लॉकडाउन में जेएलएन स्टेडियम के पास एक सुनसान बस टर्मिनल पर खड़ी डीटीसी बसों का दृश्य।

### स्थितियों में क्या आ रहा बदलाव

- **नई दिल्ली:** डेढ़ माह के लॉकडाउन के बाद 31 मई से निर्माण कार्यों और उद्योगों को कोविड प्रोटोकाल की पालना के साथ छूट रहेगी।
- **हिमाचल प्रदेश:** लॉकडाउन 7 जून तक बढ़ा। 31 मई से सोमवार से शुक्रवार तक दुकान व अन्य संस्थान 9-2 बजे तक खुलेंगे।
- **मध्यप्रदेश:** एक जून से सभी जगह किराना दुकानें खुलेंगी। शनिवार व रविवार कोरोना कर्फ्यू रहेगा। सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, धार्मिक आयोजन मेले प्रतिबंधित रहेंगे। स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, सिनेमा, मॉल आदि बंद रहेंगे।
- **हरियाणा:** एक जून से शॉपिंग मॉल सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। यह इजाजत कम कोरोना केस वाले शहरों में मिलेगी। दुकानें 'ऑड-ईवन' आधार पर सुबह 9 से दोपहर तीन बजे तक खुलेंगी। स्कूल, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, आंगनवाड़ी आदि बंद ही रहेंगे।
- **उत्तरप्रदेश:** एक जून से शनिवार-रविवार छोड़कर सुबह सात से शाम सात बजे तक बाजार खुले रहेंगे। कंटेनमेंट जोन में दुकानें नहीं खुलेंगी।
- **राजस्थान:** कोविड की कमी वाले जिलों में 1 जून से कुछ वाणिज्यिक गतिविधियों में छूट दी जा सकती है। राज्य में लॉकडाउन 8 जून तक है।

**यहां पाबंदियां बरकरार**

**महाराष्ट्र** में लॉकडाउन को बढ़ाने का फैसला किया गया है। केरल में पाबंदियों को 9 जून तक बढ़ाने का ऐलान किया गया है, जबकि पुडुचेरी में लॉकडाउन सात जून तक बढ़ाया गया है। गोवा सरकार ने कोरोना कर्फ्यू सात जून तक बढ़ा दिया। इसी तरह पूर्वोत्तर राज्यों में भी लॉकडाउन जारी रहेगा।

पत्रिका
31/5/21

# मध्यप्रदेश में पॉजिटिविटी दर घटकर 2 फीसदी से नीचे पहुंची

**भोपाल ● 30 मई ( ब्यूरो )**

मध्यप्रदेश में 1 जून से अनलॉक शुरू हो रहा है। इसके ठीक 3 दिन पहले कल रात तक कोरोना के 1,476 मामले सामने आए हैं। पॉजिटिव आने वालों से 3 गुना से ज्यादा 5 हजार 59 मरीज ठीक हुए हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी रेट घटकर 2 फीसदी से नीचे आ गया है, लेकिन चिंता की बात ये है कि मौतों का आंकड़ा कम नहीं हो रहा है। कोरोना से अब तक 8 हजार19 मौतें हो चुकी हैं। इसमें 29 मई को हुई 60 मौतें भी शामिल हैं। प्रदेश में कोरोना से अब तक हुई मौतों में से 28 फीसदी मई में हुई हैं। मई में 29 तारीख तक 2 हजार 207 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। इधर, एक बार फिर अनलॉक के बीच कुछ जिलों में तालाबंदी बढ़ाई जा रही है। दमोह में रविवार को हुई बैठक में 4 जून की सुबह 6 बजे तक तालाबंदी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

स्वदेश 31/5/21

## 1 जून से कार्यालय आएंगे 100 प्रतिशत अधिकारी

**भोपाल ●** राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक जून 2021 से सभी शासकीय कार्यालयों में शत-प्रतिशत अधिकारी उपस्थित रहेंगे। निर्देशों में कहा गया है कि अत्यावश्यक सेवाएं देने वाले कार्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किए जाएंगे। अत्यावश्यक सेवाओं में कलेक्ट्रेट, पुलिस, आपदा प्रबंधन, फायर, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, जेल, राजस्व, पेयजल आपूर्ति, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, विद्युत प्रदाय, सार्वजनिक परिवहन, कोषालय और पंजीयन सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त भी अत्यावश्यक सेवाओं का निर्धारण जिला कलेक्टर कर सकेंगे। ये निर्देश 15 जून 2021 तक प्रभावशील रहेंगे। कोविड-19 के प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन के निर्देश भी दिए गए हैं।

## कोविड सर्वे के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को संक्रमण, पांच मौत

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले में कोरोना संक्रमण के दौरान सभी विकासखंड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अपने-अपने कार्य क्षेत्र में साहस का परिचय देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। इस दौरान संक्रमण से पांच कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की जान भी चली गई। कोरोना की दूसरी लहर इन पर भी भारी रही।

महिला बाल विकास परियोजना आलोट के आंगनवाड़ी केंद्र पंथ पिपलौदा में पदस्थ दिव्यांग कार्यकर्ता सुमित्रा झामेचा पत्नी रमेशचंद्र बोस की कोरोना से 28 अप्रैल को मृत्यु हो गई। सर्वे में इनकी ड्यूटी लगी थी। इसी तरह कृष्णा पत्नी मांगीलाल की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हुई। वे आंगनबाड़ी केंद्र मोरिया में कार्यकर्ता के रूप में सेवारत थीं। सर्वे के दौरान संक्रमित हुई और तीन मई को मृत्यु हो गई। वहीं सहायिका के रूप में आंगनबाड़ी केंद्र आक्यारवुर्द में पदस्थ कमलाबाई पत्नी भंवरलाल व आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर चार ताल में पदस्थ सहायिका रेखा पत्नी गोपाल जी की 28 अप्रैल और कलाबाई पत्नी नागूलाल की 21 मई को कोरोना संक्रमण से मृत्यु हुई। ये सभी कोरोनाकाल में जो जिम्मेदारी दी जा रही रही थी, उसे निभा रही थीं। इसी दौरान संक्रमित हो गईं। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया की अभी जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार दो कार्यकर्ता और तीन सहायिकों की कोरोना से मृत्यु हुई है। हम शासन से सहायता दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे ताकि इन्हें कोरोना योद्धा का सम्मान व सरकारी मदद मिल सके।

नईदुनिया 31/5/21

## वार्ड 42 में सैनिटाइज़ छिड़काव किया

**रतलाम ●** वार्ड 42 में किल कोरोना अभियान के अंतर्गत नगर निगम के सहयोग से वार्ड में सैनिटाइजर का छिड़काव किया गया। मोहन टॉकीज, हाटीराम दरवाजा, बड़ी सीतलामाता, भोयरा बावड़ी, सिंधी मोहल्ला, बागड़ों का वास, रामदेवजी की घाटी, धानमंडी बाजार, पीजारवेरी आदि क्षेत्रों को नगर निगम के सहयोग से सैनिटाइज किया गया। अनवट भेरू सेवा समिति के शैलेन्द्र कृपलानी, रवि पंवार, मंजित सिंह, कान्हा, कार्तिक चौपड़ा ने सहयोग किया और नगर निगम कर्मचारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## एक से कार्यालय आयेंगे 100 प्रतिशत अधिकारी

रतलाम। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक जून 2021 से सभी शासकीय कार्यालयों में शत-प्रतिशत अधिकारी उपस्थित रहेंगे। निर्देशों में कहा गया है कि अत्यावश्यक सेवाएँ देने वाले कार्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किये जायेंगे। अत्यावश्यक सेवाओं में कलेक्ट्रेट, पुलिस, आपदा प्रबंधन, फायर, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, जेल, राजस्व, पेयजल आपूर्ति, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, विद्युत प्रदाय, सार्वजनिक परिवहन, कोषालय और पंजीयन सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त भी अत्यावश्यक सेवाओं का निर्धारण जिला कलेक्टर कर सकेंगे। ये निर्देश 15 जून 2021 तक प्रभावशील रहेंगे। कोविड-19 के प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन के निर्देश भी दिये गए हैं।

नवभारत 31/5/21

## एक जून से सभी विभागों के अफसरों को कार्यालय आना जरूरी होगा

**रतलाम** | राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक जून 2021 से सभी शासकीय कार्यालयों में शत-प्रतिशत अधिकारी उपस्थित रहेंगे। निर्देशों में कहा गया है कि अत्यावश्यक सेवाएं देने वाले कार्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किए जाएंगे।

अत्यावश्यक सेवाओं में कलेक्टोरेट, पुलिस, आपदा प्रबंधन, फायर, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, जेल, राजस्व, पेयजल आपूर्ति, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, विद्युत प्रदाय, सार्वजनिक परिवहन, कोषालय और पंजीयन सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त भी अत्यावश्यक सेवाओं का निर्धारण जिला कलेक्टर कर सकेंगे।

## फेरी लगाकर फल-सब्जी बेचने वालों को कराना होगा पंजीयन

**रतलाम।** एक जून से होने वाले अनलाक में निर्धारित समयावधि में घर-घर जाकर फल व सब्जी बेचने के लिए पंजीयन कराना जरूरी होगा। कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम के आदेश के बाद नगर निगम ने पंजीयन की व्यवस्था की है। पंजीयन कर परिचय पत्र बनाने का कार्य सोमवार से प्रातः 10 बजे से नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के निगम के जोन क्रमांक एक अलकापुरी कम्यूनिटी हाल, जोन क्रमांक तीन अमृत सागर उद्यान, क्रमांक चार हरमाला पम्प हाउस, सुभाष नगर कम्यूनिटी हाल, कालिका माता सांस्कृतिक मंच पर किया जाएगा।

**ये दस्तावेज लेकर जाएं**

उक्त स्थलों पर कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र आधार कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, मतदाता परिचय पत्र के साथ उपस्थित होकर पंजीयन कराया जा सकता है। बगैर पंजीयन व परिचय पत्र के फेरी लगाने पर फल-सब्जी जब्त कर धारा 188 के तहत केस दर्ज किया जाएगा।

**गाइडलाइन का पालन करना होगा**

फेरी पर क्रेता व विक्रेता को मास्क लगाना अनिवार्य होगा। फल-सब्जी में क्रेता हाथ नहीं लगाएगा, विक्रेता को स्वंय ही तौलकर देना होगी। मुख्य चौराहों व मार्गों, एक स्थान व जमीन पर बैठक फल-सब्जी का विक्रय नहीं किया जा सकेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर पंजीयन 15 दिवस के लिये रद्द कर दिया जाएगा।

## 30 जून के पहले रिटायर होने वाले कर्मियों को इंक्रीमेंट का लाभ नहीं

**भास्कर न्यूज** | भोपाल

हर साल 30 जून को रिटायर होने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि साल में एक बार 1 जुलाई को लगती है। हर साल प्रदेश में 2500 से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी रिटायर होते हैं, जिन्हें यह लाभ नहीं मिल पाता। इससे उन्हें रिटायरमेंट के बाद पेंशन में हर महीने 750 से 1500 रुपए तक का नुकसान हो रहा है।

कर्मचारियों के वेतन वृद्धि के मामले में राज्य सरकार के आदेश के अनुसार कर्मचारी को 1 जुलाई को नौकरी में होना आवश्यक है, तब ही वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। यदि एक दिन पहले 30 जून को कर्मचारी रिटायर होते हैं तो उन्हें यह फायदा नहीं मिलता। हालांकि कर्मचारियों के मामले में कोर्ट में भी पहुंचे हैं, जहां से यह व्यवस्था दी गई है कि जब कर्मचारी 1 जुलाई से 30 जून तक सेवारत रहा है तो उसे वार्षिक वेतन वृद्धि का फायदा दिया जाना चाहिए। बावजूद इसके सामान्य प्रशासन और वित्त विभाग ने अपने आदेशों में संशोधन नहीं किया है।

राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के रिटायर होते वक्त उन्हें इंक्रीमेंट न मिलने का बड़ा नुकसान यह होता है कि एक वार्षिक वेतन वृद्धि की राशि उनके रिटायरमेंट के समय मूल वेतन में नहीं जुड़ती है। इससे उनका एक साल पहले के ही तय वेतन के हिसाब से पेंशन का निर्धारण होता है।

## वार्ड 42 में सैनिटाइजर का छिड़काव

**रतलाम** | किल कोरोना अभियान के तहत नगर निगम के सहयोग से वार्ड 42 में सैनिटाइजर का छिड़काव किया गया। मोहन टॉकिज, हाटीराम दरवाजा, बड़ी सीतलामाता, भोयरा बावड़ी, सिंधी मोहल्ला, बागड़ों का वास, रामदेवजी की घाटी, धानमंडी बाजार सहित अन्य क्षेत्रों को नगर निगम के सहयोग से सैनिटाइजर किया गया। अनवट भैरु सेवा समिति के शैलेंद्र कृपलानी, रवि पंवार, मंजीत सिंह, कार्तिक चौपड़ा ने सहयोग किया और नगर निगम कर्मचारियों का स्वागत किया।



**रतलाम** | कोरोना संक्रमण को देखते हुए नगर निगम द्वारा शहर में सैनिटाइजर का छिड़काव किया जा रहा है। निगम के अमले ने भोयरा बावड़ी एवं आसपास के एरिया में छिड़काव किया। इस पर अनवट भैरव समिति ने नगर निगम के कर्मचारी अब्दुल रशीद एवं दशरथ डामोर का सम्मान किया। क्षेत्रवासियों ने बताया कोरोना संक्रमण के बीच ये सेवा दे रहे हैं और कोरोना से बचाव के लिए हमारे लिए लगे हुए हैं। इससे सम्मान किया। इस मौके पर अनवट भैरव सेवा समिति के रवि पंवार, मंजीत सिंह, कैलाश चंद शर्मा, शैलेंद्र कृपलानी, त्रिलोक मेहता, भरत डबरनी, कान्हा, कार्तिक सहित क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने जावरा की पल्लवी सोनी से वीडियो कांफ्रेंसिंग में की चर्चा

# किसी बात की चिंता मत करना बेटी, मामा साथ है



मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की वीसी में उपस्थित पल्लवी, प्रियांशु सोनी, जनप्रतिनिधि व अधिकारी। • नईदुनिया

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। रविवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कोविड-बाल कल्याण योजना के तहत वीसी के माध्यम से माता-पिता विहीन बच्चों से बात की। कलेक्टोरेट स्थित एनआइसी कक्ष में जिले के जावरा की पल्लवी सोनी व उनके भाई प्रियांशु भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पल्लवी से कहा कि चिंता न करें, दुख की घड़ी में आपका मामा आपके साथ हैं। अपनी पढ़ाई अच्छे से करो। आपके तथा आपके भाइयों के कैरियर एवं उच्च शिक्षा की समस्त व्यवस्थाएं की जाएंगी। जिले के विधायक चेतन्य काश्यप, डा. राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना भी आपके साथ हैं। वीसी में रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, मनोहर पोरवाल, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विनीता लोढ़ा भी उपस्थित रही।

मुख्यमंत्री ने पल्लवी से उसके माता-पिता की जानकारी ली। बालिका ने बताया कि उसके पिता का निधन वर्ष 2011 में व मां का निधन एक मई को कैंसर की बीमारी से हो गया था। परिवार में दो भाई हैं। उसने बीबीए की पढ़ाई पूर्ण कर ली है। आगे एमबीए करने का इरादा है। छोटा भाई प्रियांश जावरा कालेज में बीएससी में अध्ययनरत है एक और छोटा भाई है वह भी पढ़ाई कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता-पिता का साथ नहीं होना अत्यंत पीड़ादायक है, लेकिन हम सब आपके साथ हैं।

इस दौरान विधायकों ने सीएम से कहा कि जिले के माता-पिता विहीन बच्चों की जरूरत के अनुसार प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने, पट्टा दिलवाने की कार्रवाई की जाना है। उनकी उच्च शिक्षा एवं करियर निर्माण के लिए कार्य योजना बनाई जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

विधायक पांडे ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले के 186 बच्चे चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें जनप्रतिनिधि, अधिकारी गोद लेने की योजना बना रहे हैं।

### यह है योजना

मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना में माता-पिता विहीन बच्चों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता, निशुल्क राशन और बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। जिले में अभी 12 ऐसे बच्चे चिन्हित किए गए हैं। इसमें से नौ के नाम पोर्टल पर अपलोड हो गए हैं

नईदुनिया 31/5/21

# 27 नए मरीज मिले, 150 स्वस्थ होकर घर लौटे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में रविवार को कोरोना के 27 नए मरीज मिले। जबकि 165 स्वस्थ हुए। कुल मरीजों की संख्या 17278 हो गई है। अब तक 16099 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं जबकि 303 की मौत हो चुकी है। मई के 28 दिनों में ही 109 मौत हुई है। एक्टिव मरीजों की संख्या 876 है। जिले का रिकवरी रेट 93 प्रतिशत हो गया है।



फ्रीगंज क्षेत्र में सैनिटाइजेशन करते हुए निगम कर्मचारी। • नईदुनिया

### मेडिकल कालेज में 383 बेड रिक्त

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से शनिवार को 18 व्यक्ति स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि 17 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 44 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 64 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 54 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से पांच पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 167 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 136 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 383 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5711, करंट स्टाक 312 है।

### नौ मरीजों को मेडिसिन किट वितरित

ई-दक्ष केंद्र से शनिवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से नौ मेडिसिन किट लेकर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई।

वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। सूची अनुसार नौ मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया।

### नगरीय क्षेत्र में 228 कंटेनमेंट जोन बनाए

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है। इसके तहत नगरीय क्षेत्र में अब तक 228 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। शनिवार को फायर लारी व ट्रैक्टर से मेडिकल कालेज, जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, स्टेशन रोड वीसाजी मेंशन के पीछे, फ्रीगंज सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि को सैनिटाइज किया गया।

**नई व्यवस्था** • सोशल डिस्टेंसिंग को देखते हुए रजिस्ट्रार विभाग में 01 जून से लागू होगी यह व्यवस्था, 20 मिनट का समय तय

# समय चूके तो स्लॉट होगा ब्लॉक, फिर अगले दिन होगी रजिस्ट्री

## अगले आदेश तक अब इस आधार पर ही की जाएंगी रजिस्ट्रियां

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना संक्रमण को देखते हुए रजिस्ट्रार विभाग में रजिस्ट्री की प्रक्रिया में 01 जून से बदलाव किया है। रजिस्ट्री के लिए विभाग में अब स्लॉट का समय निर्धारित रहेगा। इस दरम्यान यदि क्रेता और विक्रेता नहीं पहुंचते हैं तो इसके बाद फिर आधे घंटे का समय और मिलेगा और फिर स्लॉट ब्लॉक हो जाएगा। इसके बाद अगले दिन ही रजिस्ट्री हो पाएगी।

विभाग ने यह फैसला सोशल

अभी तक स्लॉट बुकिंग करने के बाद लोग पहुंचते थे और बताए समय अनुसार रजिस्ट्री हो जाती थी लेकिन समय निर्धारित नहीं होने से भीड़ लग जाती थी। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए विभाग ने नई व्यवस्था निर्धारित की और इसके लिए स्लॉट निर्धारित किए हैं। इस व्यवस्था में एक दिन में 32 रजिस्ट्री ही हो पाएगी। इसमें एक सब रजिस्ट्रार 16 और दूसरे सब रजिस्ट्रार 16 रजिस्ट्री करेंगे। एक रजिस्ट्री के लिए 20 मिनट का समय निर्धारित किया है। इस समय पर क्रेता और विक्रेता को पहुंचना होगा। नहीं पहुंचे तो फिर आधे घंटे का समय मिलेगा। इसके बाद भी नहीं पहुंचे तो स्लॉट ब्लॉक हो जाएगा जो अगले दिन ही खुलेगा।

### ये होगा फायदा

- सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो सकेगा।
- विभाग में भीड़ नहीं लगेगी।
- समय पर लोग पहुंच सकेंगे।
- हर रजिस्ट्री के लिए 20 मिनट का समय मिल पाएगा



महलवाड़ा स्थित रजिस्ट्रार विभाग।

### नए नियम से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन तो होगा लेकिन रजिस्ट्री की संख्या कम हो जाएगी

नए नियम से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन तो हो सकेगा। लेकिन इससे रजिस्ट्री की संख्या जरूर कम हो जाएगी और इसका असर विभाग के राजस्व पर भी होगा। अभी तक विभाग में 50 से 60 रजिस्ट्री रोज होती थी लेकिन इससे रजिस्ट्री की संख्या घट जाएगी और 32 रजिस्ट्री ही रोज होगी।

### स्लॉट बुकिंग शुरू करेंगे सर्विस प्रोवाइडर

सर्विस प्रोवाइडर संघ की वर्चुअल बैठक हुई। इसमें सभी ने स्लॉट बुकिंग का फैसला लिया है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए सर्विस प्रोवाइडरों ने 17 मई को स्लॉट की बुकिंग निरस्त कर दी थी। यह 31 मई तक के लिए निरस्त की थी। इसके बाद बैठक हुई। इसमें रजिस्ट्री करने का फैसला लिया है। वर्चुअल बैठक में सर्विस प्रोवाइडर संघ अध्यक्ष अभय मूणत, वीरेंद्र पितलिया, लखन पाटीदार, महेंद्र शर्मा, एडवोकेट लोकेश शर्मा, सौरभ गांधी, दिलीप कोठारी, रेनीश मेहता, प्रीतम माहेश्वरी, कमल किशोर उपाध्याय, पवन मूणत, लोकेश राठौर सहित संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

दै. भास्कर
31/5/21

## किराना दुकान में ग्राहक मिले, दुकानदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जावरा रोड पर काजीखान की मसजिद के पास किराना दुकान में ग्राहक मिलने पर संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

नायब तहसीलदार पूजा भाटी ने बताया कि जावरा रोड निवासी अरबाज पिता निजाम खान उसकी किराना दुकान खोलकर ग्राहकों को सामग्री बेच रहा था। स्टेशन रोड थाने में अरबाज के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## ये गलत बात है.. लोगों का आवागमन रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेड्स ही तोड़ डाले



रतलाम | कोरोना कर्फ्यू में आवागमन रोकने के लिए पुलिस ने मुख्य मार्गों पर बैरिकेड्स लगाए हैं। पैलेस रोड चिंताहरण गणेश मंदिर के पास भी बैरिकेड्स लगाया था। लेकिन यह किसी ने तोड़ दिया। पैलेस रोड पर टूटा पड़ा बैरिकेड्स।

# मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट आज से शुरू, मुख्यमंत्री चौहान वर्चुअली करेंगे शुरू

**चेतन्य काश्यप फाउंडेशन की ओर से मेडिकल कॉलेज में स्थापित किया गया**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शासकीय मेडिकल में पीएसए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्लांट सोमवार से शुरू हो जाएगा। चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा स्थापित प्लांट का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान सोमवार सुबह 11 बजे सीमित अतिथियों की मौजूदगी में वर्चुअली शुरू करेंगे। अध्यक्षता प्रदेश के वित्त व जिले के कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा करेंगे।

क्षेत्रीय सांसद गुमानसिंह डामोर, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा विशेष अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम का चेतन्य काश्यप के फेसबुक पेज पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। फाउंडेशन अध्यक्ष, विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया शासकीय मेडिकल में ऑक्सीजन



शहर विधायक चेतन्य काश्यप रविवार को प्लांट का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे।

प्लांट की स्थापना के बाद विद्युत कनेक्शन जोड़कर ऑक्सीजन उत्पादन व आपूर्ति का परीक्षण कर लिया गया है। इस पीएसए प्लांट में सीधे हवा से ऑक्सीजन उत्पादित होगी। इससे मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में 140 बेडों पर इलाजरत मरीजों को अनवरत ऑक्सीजन की आपूर्ति हो सकेगी।

दे. भास्कर 31/5/21

# सीएम को बताया- 186 बच्चे चिहित किए, जिन्हें जनप्रतिनिधि और अधिकारी गोद लेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रविवार को कोविड-बाल कल्याण योजना के तहत माता-पिता विहीन बच्चों से वीसी के माध्यम से चर्चा की। इस दौरान जावरा विधायक राजेंद्र पांडेय ने सीएम को बताया कि रतलाम में 186 बच्चे चिन्हित किए हैं इन्हें जनप्रतिनिधि और अधिकारी द्वारा गोद लेने की योजना है। सीएम ने इस पहल की सराहना की है।

चर्चा के दौरान सीएम ने जावरा निवासी पल्लवी सोनी से कहा दुख की घड़ी में आपका मामा आपके साथ है। पढ़ाई अच्छे से करो आपके और आपके भाइयों के कैरियर एवं उच्च शिक्षा की समस्त व्यवस्थाएं की जाएंगी। पल्लवी ने कहा कि बीबीए की पढ़ाई पूरी कर ली है, अब एमबीए करना है। मुख्यमंत्री ने कहा मामा आपके साथ है। एनआईसी कक्ष में विधायक चेतन्य काश्यप, डॉ. राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, मनोहर पोरवाल, सीईओ मीनाक्षी सिंह, डीपीओ विनीता लोढ़ा मौजूद थे। इस दौरान विधायक चेतन्य काश्यप ने बच्चों को प्रधानमंत्री आवास एवं पट्टा उपलब्धता कार्रवाई कराने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया।